# हिंदी (मल्हार)

## अभ्यास प्रश्न-पत्र - 5

**(सत्र: 2026–2027)**

**(कक्षा – VI)**

**निर्धारित समय** : **2 घंटे 30 मिनट** **पूर्णांक : 60**

### सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं - खंड 'क', 'ख', 'ग' तथा 'घ'।
2. सभी प्रश्न ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए निर्देशों के अनुसार उत्तर दीजिए।
3. जहाँ विकल्प दिए गए हैं, वहाँ निर्देशानुसार आवश्यक प्रश्न ही कीजिए।
4. प्रश्नों के अंक उनके साथ दिए गए हैं।

## खंड – क (अपठित बोध)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [4]**

समय का सही उपयोग विद्यार्थी के जीवन में बहुत महत्त्व रखता है। जो विद्यार्थी अपने दिन के काम पहले से तय कर लेते हैं, वे पढ़ाई, खेल और विश्राम के लिए उचित समय निकाल पाते हैं। समय का सदुपयोग केवल अधिक काम करना नहीं है, बल्कि आवश्यक काम को सही समय पर पूरा करना भी है। यदि कोई विद्यार्थी आज का काम कल पर टालता रहता है, तो धीरे-धीरे काम बढ़ता जाता है और चिंता भी बढ़ने लगती है। इसलिए हमें अपने समय का सम्मान करते हुए नियमितता और अनुशासन की आदत डालनी चाहिए।

(क) समय का सही उपयोग विद्यार्थियों के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है?

(ख) समय का सदुपयोग करने का क्या अर्थ बताया गया है?

(ग) काम को टालते रहने से क्या समस्या उत्पन्न होती है?

(घ) गद्यांश के आधार पर समय का सम्मान करने की एक विधि लिखिए।

**2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [3]**

पत्तों पर मोती-सी बूँदें,
सूरज हँसकर आया।
भीगी मिट्टी की खुशबू ने,
मन को खूब लुभाया।
दूर खेत में किसान खड़ा,
नव आशा मुसकाई;
धरती ने हरियाली ओढ़ी,
ऋतु ने छवि सजाई।

(क) पत्तों पर बूँदों की तुलना किससे की गई है?

(ख) भीगी मिट्टी की खुशबू का मन पर क्या प्रभाव पड़ा?

(ग) किसान के मन में किस प्रकार की आशा जगी?

## खंड – ख (भाषा एवं व्याकरण)

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। [4]**

(क) सत्य — ________________ (ख) उदार — ________________

(ग) विजय — ________________ (घ) प्रसन्न — ________________

**4. निम्नलिखित शब्दों में एक मात्रा बदलकर नया सार्थक शब्द बनाइए और अर्थ का अंतर स्पष्ट कीजिए।** **[4]**

(क) घड़ा — __________ → __________

(ख) दिन — __________ → __________

(ग) दया — __________ → __________

(घ) मेला — __________ → __________

**5. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक शब्द लिखिए।** **[2]**

(क) धरती — __________

(ख) हवा — __________

**6. निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन अलग-अलग अर्थ लिखिए।** **[2]**

(क) पानी — ________, ________, ________

(ख) हार — ________, ________, ________

**7. निम्नलिखित के लिए एक-एक शब्द लिखिए।** **[2]**

(क) जो अपनी जीवन-कथा स्वयं लिखे — __________

(ख) सदा सच बोलने वाला — __________

## खंड – ग (पाठ्यपुस्तक)

**8. निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए।** **[4]**

(i) 'मातृभूमि' कविता में भारत के किन प्राकृतिक रूपों का वर्णन मिलता है?

(क) केवल रेगिस्तान और समुद्र

(ख) हिमालय, नदियाँ, झरने और हरियाली

(ग) केवल नगर और भवन

(घ) केवल खेत और बाजार

(ii) 'गोल' पाठ में बर्लिन ओलंपिक में भारतीय टीम को कौन-सा पदक मिला था?

(क) रजत
(ख) कांस्य
(ग) स्वर्ण
(घ) कोई पदक नहीं

(iii) 'पहली बूँद' में धरती को फिर से 'शस्य-श्यामला' बनने की इच्छा क्यों होती है?

(क) उसे खेलना था
(ख) वर्षा से उसमें हरियाली लौटने वाली थी
(ग) उसे पर्वतों पर जाना था
(घ) उसे बादलों से दूर होना था

(iv) 'मेरी माँ' में बिस्मिल की माता के जीवन से कौन-सा गुण विशेष रूप से उभरता है?

(क) आलस्य
(ख) सीखने की इच्छा और दृढ़ इच्छाशक्ति
(ग) क्रोध
(घ) स्वार्थ

**9. स्तंभ 'क' का स्तंभ 'ख' से सही मिलान कीजिए। [2]**

| स्तंभ – क | स्तंभ – ख |
|---|---|
| 1. सुलतान | (क) वर्ष 1936 की खेल प्रतियोगिता से जुड़ा नगर |
| 2. बर्लिन | (ख) बाबा भारती का प्रिय घोड़ा |
| 3. मलय पवन | (ग) दक्षिणी भारत के मलय पर्वत से चलने वाली सुगंधित वायु |
| 4. वंशी | (घ) बाँसुरी |

**10. निम्नलिखित में से किन्हीं 4 प्रश्नों के उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में दीजिए। [8]**

(क) 'मातृभूमि' कविता में हिमालय और सिंधु के वर्णन से भारत की कौन-सी विशेषता उभरकर आती है?

(ख) 'गोल' पाठ में चोट लगने के बाद ध्यानचंद ने अपने साथी खिलाड़ी से कैसा व्यवहार किया? इससे उनके स्वभाव की कौन-सी बात सामने आती है?

(ग) 'पहली बूँद' कविता में 'बूढ़ी धरती' को फिर से शस्य-श्यामला बनने की इच्छा क्यों होती है?

(घ) 'हार की जीत' में सुलतान की चाल देखकर बाबा भारती किस प्रकार प्रसन्न होते थे? अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) 'रहीम के दोहे' में प्रेम के धागे के टूटने और फिर गाँठ पड़ने की बात से संबंधों के बारे में क्या सीख मिलती है?

(च) 'रहीम के दोहे' में 'पानी' के अलग-अलग अर्थों से शब्दों की विशेषता किस प्रकार समझ में आती है?

**11. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में दीजिए। [4]**

(क) 'मातृभूमि' कविता में प्रकृति के वर्णन के साथ राम, सीता, श्रीकृष्ण और गौतम बुद्ध का उल्लेख क्यों प्रभावशाली लगता है?

**अथवा**

(ख) 'हार की जीत' में बाबा भारती का अंतिम निर्णय पाठक को मनुष्य और विश्वास के बारे में क्या सोचने पर विवश करता है? स्पष्ट कीजिए।

**12. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 80–100 शब्दों में दीजिए। [5]**

(क) 'गोल' पाठ के आधार पर समझाइए कि महान खिलाड़ी बनने के लिए केवल कौशल ही नहीं, बल्कि व्यवहार और सोच भी महत्त्वपूर्ण होती है। पाठ से उपयुक्त उदाहरण देकर लिखिए।

**अथवा**

(ख) 'मेरी माँ' के आधार पर बिस्मिल की माता के व्यक्तित्व की चार प्रमुख विशेषताएँ चुनकर उनके प्रभाव को समझाइए।

## खंड – घ (रचनात्मक लेखन)

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100–120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। [6]**

(क) समय का सदुपयोग

**संकेत-बिंदु :**

- समय का महत्त्व
- विद्यार्थी जीवन
- दिनचर्या
- अनुशासन
- लाभ

**अथवा**

(ख) प्रकृति की एक यादगार सुबह

**संकेत-बिंदु :**

- मौसम
- आकाश
- पेड़-पौधे
- पक्षी
- अपना अनुभव

**14. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को विद्यालय के खेल मैदान की साफ-सफाई और उचित रखरखाव की व्यवस्था कराने हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। [5]**

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80–100 शब्दों में अपने विचार लिखिए। [5]**

(क) यदि मुझे एक दिन किसी खिलाड़ी की टीम का सदस्य बनने का अवसर मिले

**अथवा**

(ख) किसी व्यक्ति की सबसे बड़ी पहचान उसके अच्छे व्यवहार से होती है